दैनिक जागरण
9-01-2026

कार्यक्रमों के जरिए कारीगरों को सशक्त बनाने की पहल

कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए राजेश बतौरा।

जासं • अंबाला : एमएसएमई विकास कार्यालय करनाल द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लघु एवं पारंपरिक कारीगरों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की समन्वयक सहायक निदेशक मीनू धीमान ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए उनके कौशल को उन्नत किया जा रहा है। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ टूल किट, आसान शर्तों पर ऋण तथा विपणन सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा ने भी मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि सरकार द्वारा क्रियान्वित इस योजना से कारीगरों को काफी लाभ मिल रहा है और वे सशक्त हो रहे हैं। दीपक नरवाल ने कारीगरों को लघु उद्योग ऋण योजनाओं की आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान, श्रुति शर्मा, डा. भारती सुजान, कमलप्रीत कौर, सुमन गर्ग, डा. रोहित दत्त मौजूद रहे।